सूचना प्राप्त करने के लिए नागरिकों को उपलब्ध सुविधाओं का विवरण

महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड

मैनुअल सँख्या - १५

सम्पर्क : महानिदेशक, चिकित्सा,
स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण विभाग,
उत्तराखण्ड
ई-मेल : dghealth.uttarakhand@gmail.com

सूचना प्राप्त करने के लिए नागरिकों को उपलब्ध सुविधाओं का विवरण

सूचनाओं को जनता तक उपलब्ध कराने के लिये लोक प्राधिकारी के स्तर पर सूचना शिक्षा एवं संचार सेल का गठन किया गया है जिसके द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में जानकारी तथा सूचनाओं को उपलब्ध कराया जाता है। यह सेल लोक प्राधिकारी के स्तर पर सूचना एवं जन सम्पर्क का कार्य सम्पादित करने के लिये विभागीय प्रवक्ता के रुप में कार्य करता हैं।

यद्यपि प्रशासनिक एवम् वित्तीय स्थितियों की जानकारी सम्बन्धित अनुभाग से अथवा महानिदेशालय के स्टाफ आफिसर के स्तर से प्राप्त की जाती हैं लेकिन जनता के हित के लिये विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी उक्त सेल द्वारा ही दी जाती है। जानकारी के वृहद् प्रचार प्रसार के लिये संगठन द्वारा निम्नलिखित माध्यमों का चयन किया गया है।

1. मुद्रित सामग्री (ब्रोशर, हैंड बिल, लीफ लेट्स, डैंगलर, आदि) के वितरण द्वारा
2. इलेक्ट्रानिक मीडिया में वडियो तथा टेलीविजन के द्वारा
3. अखबारों एवं पत्र पत्रिकाओं के माध्यम से विज्ञापन प्रसारण के द्वारा
4. विभिन्न चिकित्सालयों पर सूचना पटल, होर्डिंग्स, ग्लो साइन के द्वारा
5. सामुदायिक सहभागिता से कार्यशालायें, कामन बैठकें तथा गोष्ठियों के आयोजन के द्वारा
6. विभिन्न मेलों, प्रर्दशनी के माध्यम से राज्य के दूरस्थ एवं असेवित क्षेत्रों में वीडियो वैन तथा नुक्कड़ नाटकों के आयोजन द्वारा

7. संगठन द्वारा उपलब्ध सेवाओं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा सामुदायिक सहभागिता से संबंधित जानकारियों के बारे में पुस्तिकाओं, मैनुअल्स आदि के प्रकाशन द्वारा

8. शैक्षणिक संस्थाओं में स्वास्थ्य शिविर तथा ओरिएंटेशन के माध्यम से

9. लोक प्राधिकारी द्वारा जनता को वांछित सूचना उपलब्ध कराने के बारे में सभी जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय तथा चिकित्सालयों पर सिटीजन चार्टर लगाये जाने की व्यवस्था की गई है।

10. जनता को सूचनायें उपलब्ध कराने के लिये समाचार पत्रों को भी आवश्यकतानुसार प्रेस रिलीज भेजी जाती है। तथा महानिदेशक के स्तर पर पत्रकारवार्ता के माध्यम से प्रचारित प्रसारित किया जाता हैं।

11. समय समय पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय महत्व के उत्सवों पर समाचार पत्रों के माध्यम से भी शुभकामना संदेश एवं विभागीय जानकारियाँ उपलब्ध कराई जाती है।

12. जनता को वांछित सूचना एवं दस्तावेजों को उपलब्ध कराने के लिये एक सूचना सेल का गठन किया गया है। जिसके लिये महानिदेशक के स्टाफ आफिसर को नामित किया गया है।

13. प्रत्येक वर्ष विभागीय बजट मैनुअल का प्रकाशन किया जाता है जिसमें आय व्यय के सम्पूर्ण विवरण दिये जाते है तथा राज्य की जनसँख्या एवं स्वास्थ्य नीति, व्याधि सहायता निधि आदि का प्रख्यापन किया गया है एवं इसकी प्रतियाँ जनता के लिये उपलब्ध कराई जाती है।